## संपादकीय

# महंगाई का कुचक्र

अर्थव्यवस्था की सुस्ती के दौर में जब उपभोक्त ाओं की य शक्ति कम हो रही है, खाद्य पदार्थों का महंगा होना बेहद चिंता की बात है। एक ओर बेरोजगारी बढ़ रही है, उत्पादन घट रहा है, सरकारी मौद्रिक उपाय बेअसर साबित हो रहे हैं, तो सरकार के नीति-नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद होती है। महंगाई के दौर में गैस सिलेंडरों की कीमतों में बड़ा इजाफा जले पर नमक छिड़कने जैसा ही है। यह वृद्धि भी खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ाने वाली ही साबित हो सकती है। बुधवार को एनएसओ के आंकड़ों में चिंता बढ़ाने वाली खबरें सामने आईं। एक ओर खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 7.59 फीसदी पहुंच गई है और दूसरी ओर औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। जनवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई पिछले छह साल में सबसे ऊंचे स्तर पर जा पहुंची है। वहीं दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन में 0.3 फीसदी की गिरावट आई है। चिंता की बात यह है कि 23 में से 16 उद्योगों की विकास दर नकारात्मक हो गई है। लोगों की आय नहीं बढ़ी है तो य शक्ति कम हुई है। महंगाई बढ़ने से खर्च बढ़ा। महंगाई बढ़ने से खपत कम हुई है। खपत कम होने से उत्पादन में गिरावट आ रही है। लेकिन इसके बावजूद महंगाई का बढ़ना चिंता की बात है। कहीं न कहीं यह संकट उत्पादन घटने से कंपनियों पर भी असर डालेगा, उनका मुनाफा कम होगा। उत्पादन कम होने से रोजगारों पर संकट आएगा। कालांतर सरकार के राजस्व में भी कमी आएगी, जिसके चलते लोककल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। निःसंदेह यह कुच अर्थव्यवस्था में सुस्ती को ही बढ़ाएगा। हालांकि कुछ लोग कह रहे हैं कि यह महंगाई अस्थायी कारणों से है। नई फसल आने से बाजार में सुधार आएगा। लेकिन सरकार को फौरी तौर पर महंगाई पर नियंत्रण के मौद्रिक उपायों को अमल में लाना चाहिए। निःसंदेह महंगाई की मौजूदा स्थिति वित्तमंत्री की उन दलीलों को नकारती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत हैं। दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन में गिरावट इसका प्रमाण है। बिजली क्षेत्र में गिरावट भी चिंता का विषय है। विनिर्माण क्षेत्र में जहां नवंबर में सुधार हुआ था, वहीं दिसंबर में गिरावट दर्ज की गई है। दिसंबर में पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में नरमी देखी गई। ऐसा लगता है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के सरकार के उपायों का असर देर से दिखेगा। दरअसल, मौद्रिक उपायों से भी महंगाई के नियंत्रण के प्रयास सफल होते नजर नहीं आ रहे हैं। इसी वजह से देश के केंद्रीय बैंक ने इस साल की पहली मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। निःसंदेह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव तथा दूध व दालों के दामों में तेजी से खाद्य पदार्थों की खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है, मगर उम्मीद जगायी जा रही है कि रबी की फसलों के बाजार में आने से महंगाई की दर में गिरावट आएगी।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने किया टीम का ऐलान

**वेलिंगटन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 21 फरवरी से पहला टेस्ट मैच खेला जाना है। लेकिन इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। भारतीय टीम को वन डे सीरीज में 3-0 से हराने के बाद न्यूजीलैंड टीम के हौसले बुलंद हैं और अब वह टेस्ट मैच भी जीतने की कोशिश में है। अब टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड ने जो टीम घोषित की है, उसमें न्यूजीलैंड के तूफानी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को टीम में शामिल कर लिया गया है। तो वहीं न्यूजीलैंड के सबसे सफल स्पिन गेंदबाज मिचेल सैंटनर को को उन 3 खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है जिन्हें टीम से बाहर किया गया है।ह्यभारत और न्यूजीलैंड के बीच इस टेस्ट सीरीज के साथ ये दौरा खत्म हो जाएगा। पहला टेस्ट वेलिंग्टन में 21 फरवरी से खेला जाएगा तो वहीं दूसरा टेस्ट क्राइस्टचर्च में 29 फरवरी से खेला जाएगा। ओपनर जीत रावल, स्पिन ऑल राउंडर मिचेल



सैंटनर और पेसमैन मैट हेनरी को इस सीरीज से बाहर रखा गया है। वहीं लेफ्ट ऑर्म स्पिनर एजाज पटेल को पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह मिली है जब काइल जैमिसन को चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन की जगह टीम में शामिल किया गया है।

**दोनों टीमें**

भारत- विराट कोहली (कप्तान), मयंक अग्रवाल, पृथ्वी शॉ, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), हनुमा विहारी, रिद्धीमान साहा, रिषभ पंत, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी और इशांत शर्मा.

न्यूजीलैंड की टीम- केन विलियमसन (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, ट्रेंट बोल्ट, कॉलिन डी ग्रैंडहोम, काइल जैमिसन, टॉम लाथम, डैरेल मिचेल, हेनरी निकोल्स, एजाज पटेल, टिम साउदी, रॉस टेलर, नील वैगनर, बीजे वॉटलिंग

## एसबीआई कार्ड को सेबी से आईपीओ लाने की अनुमति

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक की क्रेडिट कार्ड इकाई एसबीआई कार्ड्स और पेमेंट सर्विसेस को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की अनुमति मिल गयी है। कंपनी ने नवंबर में सेबी के पास नवंबर में इसके लिए आवेदन किया था। सेबी ने 11 फरवरी को कंपनी को इसकी इजाजत दे दी है। आवेदन के दस्तावेजों के अनुसार इस आईपीओ में एसबीआई कार्ड 130,526,798 शेयरों की पेशकश करेगा। 37,293,371 शेयर एसबीआई की ओर से और 93,233,427 शेयर कार्लाइन समूह की ओर से बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे।

## मूडीज ने विकास दर अनुमान में की कटौती, 6.6 प्रतिशत से घटाकर 5.4 प्रतिशत किया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार की गति बेहद सुस्त रहने की आशंका जताते हुए सोमवार को जीडीपी विकास दर अनुमान में कटौती की है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष (2019-20) के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.6 प्रतिशत से घटाकर 5.4 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष (2020-21) के विकास दर अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, जैसे ही अर्थव्यवस्था में स्थिरता आनी दिखी, इस पर कोरोना वायरस के बादल मंडराने लगे हैं। मूडीज ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने की रफ्तार बेहद सुस्त रह सकती है। मूडीज ने कहा, पिछले दो साल में देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बेहद सुस्त हो गई है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी विकास दर महज 4.5 प्रतिशत रही है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हाल में आए वित्तीय आंकड़ों में सुधार दिखा, जो यह दर्शाता है।

## भारत के लिए अगले 3 महीने चीनी निर्यात का अच्छा मौका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के लिए आगामी तीन महीने चीनी निर्यात के लिए सुनहरा मौका है, क्योंकि बाद में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत को ब्राजील से प्रतिस्पर्धा करने की चुनौती मिल सकती है।

वैश्विक बाजार में चीनी के दाम में आई हालिया तेजी के बाद ब्राजील के लिए चीनी का उत्पादन एथेनॉल से कहीं ज्यादा लाभकारी साबित होगा और वह चीनी बनाने पर ज्यादा जोर देगा। दुनियाभर में इस समय भारत के पास ही चीनी का सरप्लस स्टॉक है और वैश्विक मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने से चीनी के दाम में इस साल जोरदार तेजी आई है, जिससे भारतीय मिलों के लिए चीनी निर्यात करना आसान हो गया है। मगर, ब्राजील और आस्ट्रेलिया में चीनी उत्पादन का नया सीजन शुरू होने के बाद वैश्विक बाजार में चीनी की सप्लाई में इजाफा होने से भारत के सामने



प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी।

भारत सरकार ने चालू सीजन 2019-20 (अक्टूबर-सितंबर) में देश की चीनी मिलों के लिए अधिकतम स्वीकार्य निर्यात परिमाण स्कीम के तहत 60 लाख टन चीनी निर्यात का कोटा तय किया है, जिस पर सरकार 10,448 रुपये प्रति टन की सब्सिडी देती है। जानकार बताते हैं कि चीनी मिलों के लिए चालू सीजन में तय निर्यात कोटा पूरा करने के लिए आगामी तीन से चार महीने महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इसके बाद ब्राजील की चीनी दुनिया के बाजारों में उतर जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी का दाम 2017 के बाद के सबसे ऊंचे स्तर पर है। कच्ची चीनी (यूएस शुगर-11) का दाम 15 सेंट प्रति पौंड के ऊपर चला गया है, जबकि सफेद चीनी (लंदन शुगर) का भाव बीते सप्ताह 456.60 डॉलर प्रति टन तक चला गया। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अनुसार, भारत में इस साल चीनी का उत्पादन 260 लाख टन होने का अनुमान है। वहीं, पिछले साल का बचा हुआ स्टॉक करीब 145 लाख टन है। इस प्रकार कुल सप्लाई 405 लाख टन जबकि सालाना घरेलू खपत करीब 260 लाख टन है। अगर भारत चालू सीजन में 60 लाख टन चीनी निर्यात करता है तो इस सीजन के आखिर में 30 सितंबर 2020 को देश में करीब 85 लाख टन चीनी का स्टॉक बचा रहेगा।

## भारती एयरटेल ने दूरसंचार विभाग को 10,000 करोड़ का एजीओर बकाया चुकाया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिग्गज टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने पिछले दिनों किए अपने वादे के मुताबिक आज 10,000 करोड़ रुपये के एजीआर बकाये का भुगतान दूरसंचार विभाग को कर दिया है। हालांकि, अभी भी कंपनी पर 25,000 करोड़ रुपये का बकाया रह गया है। कंपनी का कहना है कि वे बकाया राशि का पूरा भुगतान 17 मार्च 2020 तक कर देगी। वहीं वोडाफोन आइडिया ने एक बयान में एजीआर का सांविधिक बकाया चुकाने का प्रस्ताव रखा। वोडाफोन आइडिया ने कहा कि कारोबार का भविष्य सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में संशोधन के लिए दायर याचिका के परिणाम पर निर्भर करेगा। वहीं देश की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को तल्ख लहजे में कहा, क्या इस देश में कानून नाम की चीज बची है? क्या हम सुप्रीम कोर्ट बंद कर दें? जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस आर सुभाष रेड्डी की पीठ ने यह कहते हुए वोडाफोन-आइडिया, एयरटेल समेत सभी दूरसंचार कंपनियों के एमडी व सीएमडी के खिलाफ नोटिस जारी कर पूछा है।

## आईएसएलः चेन्नै टीम ने एटीके को 3-1 से हराया, प्लेऑफ की उम्मीद बरकरार

**कोलकाता।** चेन्नैयिन एफसी ने एटीके के चार जीत के क्रम पर विराम लगाते हुए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में रविवार को यहां 3-1 से जीत दर्ज करके प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। एटीके की टीम प्लेऑफ के लिए चॉलिफाइ कर चुकी है लेकिन इस हार से टीम की एएफसी चैंपियंस लीग के लिए चॉलिफाइ करने की उम्मीदों को झटका लगा है। एफसी गोवा की टीम ने शीर्ष पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है जबकि सिर्फ एक लीग मैच बचा है। चेन्नै टीम की ओर से राफेल क्रिवेलारो, आंद्रे शेमबरी और नेरिजस वाल्सकिस ने गोल दागे। वहीं, एटीके की ओर से एकमात्र गोल राय कृष्णा ने किया। इस जीत से चेन्नै की टीम अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

## आज का राशिफल

*मेषः* आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा।

*वृषभः* आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार मिलेगा।

*मिथुनः* पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।

*कर्कः* राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का षष्ठम होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

*सिंहः* राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी।

*कन्याः* आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी।

*तुलाः* आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे।

*वृश्चिकः* आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा। प्रियजनों से भेंट होगी।

*धनुः* आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

*मकरः* आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा।

*कुंभः* पत्नी को अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

*मीनः* गवैवाहिक जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है।

## आमिर खान के साथ डेब्यू कर सकते थे वरुण धवन



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन का कहना है कि वह आमिर खान की फिल्म धोबी घाट से डेब्यू कर सकते थे। डेविड धवन के पुत्र वरुण धवन ने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ दि इयर' से अपने करियर की शुरुआत की थी। वरुण इस फिल्म से पहले भी अपने डेब्यू की कोशिशें करते रहे थे और उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की वजह से अपनी पहली ही फिल्म में आमिर खान के साथ काम करने का मौका चूक गए थे।

वरुण धवन ने कहा, मैंने फिल्म धोबी घाट और 'लाइफ ऑफ पाई' जैसी फिल्मों के लिए ऑडिशन दिया था और उस समय मेरे पिता को पता नहीं था कि मैं ऑडिशन के लिए जा रहा हूं। आमिर सर ने मेरा ऑडिशन देखा था और उन्होंने मेरे पिता को फोन किया था। मुझे लगता है कि मैं रिजेक्ट नहीं हुआ था लेकिन मेरे पापा ने सुनिश्चित किया था कि मैं उन रोल्स के लिए रिजेक्ट हो जाऊं क्योंकि उन्होंने कहा था कि मैं अभी तैयार नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि आप अपनी पहली फिल्म चुनते हैं। फिल्म आपको चुनती है। मैं उस समय रोल्स की तलाश में था। अर्जुन इश्कजादे कर चुका था और फिर अचानक मुझे 'स्टूडेंट ऑफ दि इयर' में काम करने का मौका मिल गया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे उस स्तर का लॉन्च कभी मिलेगा।

गौरतलब है कि फिल्म धोबी घाट में आमिर खान और प्रतीक बब्बर जैसे सितारे नजर आए थे। इसके अलावा हॉलीवुड फिल्म लाइफ ऑफ पाई में इरफान खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

## बहन ईशा के लेखिका बनने पर अभय को है गर्व



अभिनेता अभय देओल को अपनी बहन ईशा देओल तख्तानी पर बेहद गर्व है जिन्होंने अपनी पहली किताब अम्मा मिया के साथ लेखन के क्षेत्र में हाथ आजमाया है। अभय ने इंस्टाग्राम पर अपनी बहन को इसकी बधाई दी और लोगों को उनकी इस नई किताब के बारे में बताया।

किताब के कवर की एक तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, मेरी बेबी सिस ने नई माताओं व उनके बच्चों के लिए अपनी पहली किताब लिखी है। तुम पर बेहद गर्व है ईशा। मां बनने का ये जो वक्त है वह रोमांचक होने के साथ बेहद नाजुक भी है। आप चाहें कितनी ही तैयारियां क्यों न कर लें, लेकिन कई बार भ्रामक परिस्थितियों, सुझाव जैसी कई चीजों का सामना करना पड़ ही जाता है। राध्या और मिराया के जन्म के बाद ईशा ने भी इन सवालों का सामना किया।

इस किताब के बारे में बात करते हुए अभय ने कहा, इसमें कई तरह की सलाहें, टिप्स और कहानियां हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए आसान व स्वादिष्ट कई रेसिपी भी हैं। अम्मा मिया में एक महिला के मां बनने के पूरे सफर को दर्शाया गया है। यह काफी ज्ञानवर्धक है जिसे आसानी से फॉलो किया।

## नॉर्मल सब्जी से अलग हटकर बनाएं 'गोभी कीमा'

### सामग्री

फूलगोभी- 1, घी- 3 बड़े चम्मच, प्याज- 1 (बारीक कटा), अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच, मटर- 1/2 कप, टमाटर- 1 (बारीक कटा), हल्दी- 1/4 चम्मच, काली मिर्च- 5-7, लौंग- 4-5, दालचीनी- 1 टुकड़ा, खड़ी धनिया- 1 चम्मच, तेजपत्ता- 1, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर- 2 चम्मच, नमक- स्वादानुसार, धनिया कटी हुई- गार्निशिंग के लिए

### विधि

कड़ाही या नॉन स्टिक पैन में सारे खड़े मसाले, धनिया, जीरा, दालचीनी, तेजपत्ता, बड़ी इलायची डालकर धीमी आंच पर इन्हें भूनें और फिर इसका बारीक पाउडर बना लें।

गोभी को धोकर और साफ करके कद्दूकस कर लें।

अब कड़ाही में घी या गरम करें और उसमें गोभी को हल्की आंच पर सुनहरा होने तक भूनकर अलग रख दें। एक बार फिर से कड़ाही में तेल डालें और उसमें कटे हुए प्याज और अदरक-लहसुन डालकर भूनें।थोड़ी देर बाद टमाटर डालें। इसके बाद इसमें हल्दी, भूना और पिसा हुआ मसाला और लाल मिर्च डाल दें। थोड़ी देर और भूनें और इसके बाद पानी मिलाएं और थोड़ी देर उबालें। अब इसमें भूनी हुई गोभी, नमक और गरम मसाला मिलाकर ढक्कन बंद करके 8-10 मिनट तक पकाएं। हरी धनिया से गार्निश कर गरमा-गरमा पराठे, रोटी या चावल के साथ सर्व करें।



## शब्द सामर्थ्य- 37

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 36 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 37

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.36 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |